>

Title: Request the government to bring back 836 Indians stuck in various countries due to Covid-19 and provide facility for lab testing of people of Laddakh.

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल (लद्दाख): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि कोविड-19 के चलते अलग-अलग देशों में जो भारतीय नागरिक फंसे हैं, उसके लिए भारत सरकार वारफुटिंग पर काम कर रही है । इसे हम सब एप्रिशिएट करते हैं । ईरान में मेरी कांस्टीटूएंसी लेह-कारगिल के 836 शिया मुस्लिम लोग अलग-अलग शहरों में फंसे हुए हैं ।

मैं उनको यहां लाने के लिए आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं । इन 836 लोगों में बहुत से पेशंट्स हैं, स्टूडेंट्स हैं । इन सबको एक साथ रखा गया है, चाहे जिसका टैस्ट में पोजिटिव है या नेगेटिव है । मेरा निवेदन है कि इनको एक बार सैपरेट करके, जिनका टैस्ट नेगेटिव है, उनको पहले ले आना चाहिए और जो पोजिटिव हैं, उनको अलग जहाज में लाना चाहिए । वहां जितनी देर रहेंगे उतना पोजिटिव की संख्या बढ़ती जाएगी ।

लद्दाख में पीपीई और लैब्रोटरी की फैसिलिटीज़ बहुत जरूरी हैं । वहां कोल्ड क्लाइमेट है, इस कारण लेब्रोटरी की सुविधा होना बहुत जरूरी है ।